# Awareness camp and Inkind distribution of items to the BOCW worker at Naina Devi Bilaspur


Sep 27, 2024, 12:15


प्रदेश भवन एवं अन्य निर्माण कामगार
ला बिलासपुर (हि.प्र.)
के कल्याण के प्रति समर्पित
प्रदेश भवन
कल्याण
जय माता दी : मन्दिर श्री नैना देवी जी




जिंदाबाद
maurice







# जिले में कामगार कल्याण बोर्ड के अंतर्गत 47000 लोग पंजीकृत

बिलासपुर, 27 सितम्बर (ब्यूरो): हिमाचल प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कामगार कल्याण बोर्ड नयना देवी विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत स्वारघाट और बेहल पंचायत में शुक्रवार को एक दिवसीय जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया जिसमें बोर्ड के अध्यक्ष नरदेव सिंह कंवर ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की।

उन्होंने कहा कि इस अवसर पर 60 से अधिक पंजीकृत कामगारों को इंडक्शन हीटर और सोलर लैंप वितरित किए गए। नरदेव सिंह कंवर ने बताया कि जिले में कामगार कल्याण बोर्ड के अंतर्गत 47000 से ज्यादा लोग पंजीकृत हैं जबकि बहुत से श्रमिक अभी भी पंजीकृत नहीं हुए हैं।

उन्होंने कहा कि प्रदेश में कोई भी महिला या पुरुष एक वर्ष में 90 दिन तक अगर निजी निर्माण कार्य, मनरेगा या सरकार अथवा पंचायत की ओर से निर्माण के कार्यों में शामिल हैं तो वे कामगार कल्याण बोर्ड में पंजीकरण करवा सकते हैं।

उन्होंने कहा कि पात्र लोगों को विभाग की सभी योजनाओं का लाभ लेने के लिए जागरूक होना होगा।

बिलासपुर : स्वारघाट और बेहल पंचायत में शुक्रवार को एक दिवसीय जागरूकता शिविर में 60 से अधिक पंजीकृत कामगारों को इंडक्शन हीटर और सोलर लैंप वितरित करने के बाद सामूहिक चित्र में कामगार व गणमान्य। (ब्यूरो)

# जिले के 3 स्थानों पर शुरू हुई डी.ए.वी. की राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिताएं







बिलासपुर, 27 सितम्बर

## ये रहे परिणाम

## डी.ए.वी. अवासीय शाखा बरमाणा के बच्चों ने जीते राज्य स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता में 23 पदक

## डी.ए.वी. घुमारवीं में आरंभ हुई राज्य स्तरीय खो-खो प्रतियोगिता



### जिओ मेरे लाल



## होशियारपुर से हैरोइन ला रहे दो युवक मगरेट में गिरफ्तार

## विश्व पर्यटन दिवस पर समागम आयोजित




## बड़सर में सिक्योरिटी गार्ड एवं सुपरवाइजरों के साक्षात्कार 3 को

# जिले में कामगार कल्याण बोर्ड के अंतर्गत 47000 लोग पंजीकृत



## आंगनबाड़ी केंद्र बच्चों के शैक्षिक विकास के लिए बहुत आवश्यक : राजेश धर्माणी

## सुक्खू सरकार ले रही गुणात्मक एवं फलदायी निर्णय : सुनील



बिलासपुर, 27 सितम्बर


पंजाब केसरी



whatsapp


### सु-डोकू-7658

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | | | 4 | | 2 | | |
| 5 | | | | 7 | | 4 | | |
| | | 5 | 6 | | 6 | | | |
| | 5 | 3 | | | | | 6 | 8 |
| | | | 2 | | | | | |
| 2 | | | | 6 | 9 | | | 1 |
| | 2 | | 6 | 5 | | | | 3 |
| 3 | | 9 | | | | | 6 | |
| 9 | | 2 | | | 4 | | | |

### आज का राशिफल

28 सितम्बर 2024, शनिवार


kundli


# विधायक बताएं कौन-कौन सी योजनाएं अपनी प्राथमिकता में डाली हैं : बंबर



## मादक पदार्थ सेवन की पुष्टि होने के बाद 3 के खिलाफ मामला दर्ज

# विद्यार्थी शिक्षा के साथ खेलों में भी लें भाग : धर्माणी

डीएवी स्कूल घुमारवीं में दो दिवसीय राज्य स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता शुरू, 32 स्कूलों के 373 छात्र-छात्राएं खो-खो में लेंगे भाग



डीएवी स्कूल घुमारवीं में राज्य स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता के शुभारंभ का मार्च पास्ट करते खिलाड़ी

## डीएवी बिलासपुर में राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ

## डीएवी क्लस्टर-1 के खिलाड़ियों ने जीती वुशू चैंपियनशिप की ट्रॉफी

## विद्यार्थियों को पर्यटन क्षेत्रों में घूमने की दिलाई शपथ



### बिलासपुर कॉलेज में पर्यटन विभाग के विद्यार्थियों ने बनाया सेल्फी प्वाइंट

## न्यूज डायरी

### स्वयंसेवियों को सिखाए अग्निकांड से निपटने के गुर

### ...ना संस्था में की दिव्यांगों की निशुल्क जांच



### ...नी घुमारवीं कॉलेज की केंद्रीय छात्र परिषद की प्रधान

### ...दिलाने के नाम पर धोखाधड़ी, आरोपी गिरफ्तार

### ...गीता में भावना व सुनील रहे अव्वल

## अडिप और व्योश्री योजना के तहत पात्रों के बनाए प्रमाणपत्र

### कल्लोल में वृद्धजनों दिव्यांगजनों के लिए आकलन शिविर लगाकर की जांच

## कामगारों को इंडक्शन और सोलर लैंप किए वितरित




## सदर के विकास के लिए लाखों की राशि स्वीकृत : बंबर

भगवाणी-लद्दा-कुठेड़ा पेयजल योजना के लिए 93 लाख रुपये की राशि हुई मंजूर

### बोले- योजनाएं पूर्व भाजपा सरकार के कार्यकाल में ठप पड़ी रहीं

### घमना-सीहड़ा सड़क को पांच लाख, स्योना-पंजाई-जमलीण गेहली के लिए 32 लाख मंजूर



## परवाणू में डेंगू की दस्तक दो लोग निकले पॉजिटिव

## अल्ट्राटेक कर्मियों को नहीं मिल रहा वेतन समझौते का लाभ

### कंपनी पर श्रम कानून की धज्जियां उड़ाने का आरोप

## सामाजिक बहिष्कार करने वाले लोगों के खिलाफ कार्रवाई की उठाई मांग

## नियमों की अवहेलना करने पर 15 वाहनों के चालान

अवैध रूप से सवारियां ढो रहे पांच वाहन सीज

## गौरव ने बिलासपुर में वाटर स्पोर्ट्स गतिविधियों के संचालन पर उठाए सवाल

# विभाग की योजनाओं का उठाएं लाभ

## कार्यक्रम में 66 से अधिक पंजीकृत कामगारों को इंडक्शन हीटर और सोलर लैंप किए वितरित



स्वारघाट: स्वारघाट विश्राम गृह में भवन एवं सन्निर्माण कामगार कल्याण विभाग द्वारा कार्यक्रम मैजूद लोग

- स्वारघाट विश्राम गृह में सजा कार्यक्रम
- विभाग में पारदर्शिता लाने के लिए सभी योजनाओं को किया जाएगा ऑनलाइन

सुभाष चंदेल–स्वारघाट

श्री नयनादेवी जी विधानसभा चुनाव क्षेत्र के स्वारघाट विश्राम गृह में भवन एवं सन्निर्माण कामगार कल्याण विभाग द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बोर्ड के अध्यक्ष नरदेव सिंह कंवर ने शिरकत की। जबकि प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव विकास ठाकुर विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम में श्री नयना देवी विधानसभा क्षेत्र के 66 से अधिक पंजीकृत कामगारों को इंडक्शन हीटर और सोलर लैंप वितरित किए गए। अध्यक्ष नरदेव सिंह कंवर ने बताया कि जिला में कामगार कल्याण बोर्ड के अंतर्गत 47000 से ज्यादा लोग पंजीकृत हैं जबकि बहुत से श्रमिक अभी भी पंजीकृत नहीं हुए हैं। कहा कि प्रदेश में कोई भी महिला या पुरुष एक वर्ष में 90 दिन तक अगर निजी निर्माण कार्य, मनरेगा या सरकार अथवा पंचायत की ओर से निर्माण के कार्यों में शामिल है तो वे कामगार कल्याण बोर्ड में पंजीकरण करवा सकते हैं। उन्होंने कहा कि पात्र लोगों को विभाग की सभी योजनाओं का लाभ लेने के लिए जागरूक होना होगा। (एचडीएम)

# कामगारों को इंडक्शन और सोलर लैंप किए वितरित

संवाद न्यूज एजेंसी

बिलासपुर। हिमाचल प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कामगार कल्याण बोर्ड नयना देवी विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत स्वारघाट, बैहल पंचायत में शुक्रवार को एक दिवसीय जागरूकता शिविर लगाया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बोर्ड के अध्यक्ष नरदेव सिंह कंवर ने शिरकत की।

उन्होंने 60 से अधिक पंजीकृत कामगारों को इंडक्शन हीटर, सोलर लैंप वितरित किए। बताया कि जिले में कामगार कल्याण बोर्ड के अंतर्गत 47 हजार से ज्यादा लोग पंजीकृत हैं, जबकि बहुत से श्रमिक अभी भी पंजीकृत नहीं हुए हैं।

प्रदेश में कोई भी महिला या पुरुष एक वर्ष में 90 दिन तक अगर निजी निर्माण कार्य, मनरेगा या सरकार अथवा पंचायत की ओर से निर्माण के कार्यों में शामिल है तो वह कामगार कल्याण बोर्ड में पंजीकरण करवा सकते हैं।

पात्र लोगों को विभाग की सभी योजनाओं का लाभ लेने के लिए जागरूक होना होगा। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के निर्देशों पर हर विधानसभा क्षेत्र में कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। ताकि कामगारों की समस्याओं को समझा जा सके। कामगारों को अधिक से अधिक सुविधाएं देने के लिए कार्य किया जा सके। उन्होंने विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी जागरूकता कार्यक्रमों के दौरान मौके पर ही पंजीकरण की सुविधा उपलब्ध करवाएं।

इसके अतिरिक्त विभाग की योजनाओं का लाभ लोगों को घर द्वार उपलब्ध करवाने के लिए हरसंभव प्रयास करें।

इस अवसर उन्होंने आह्वान किया कि पात्र लोग पंजीकरण अवश्य करवाएं, ताकि विभाग द्वारा चलाई जारी योजनाओं का लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि बोर्ड श्रमिकों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। उनके उत्थान के लिए विभिन्न योजनाओं का सफलतापूर्वक कार्यान्वयन सुनिश्चित किया जा रहा है।



बिलासपुर की बैहल पंचायत में पंजीकृत कामगारों को इंडक्शन हीटर और सोलर लैंप वितरित करते मुख्यातिथि । स्रोत : जागरूक पाठक